


# अध्याय -1 | जनसंख्या : वितरण, घनत्व, वृद्धि और संघटन

## Worksheet-2

### बहुविकल्पी प्रश्न

**1. 1991 की जनगणना के अनुसार भारत में पुरूष श्रमिकों की संख्या कितनी है?**

(अ) 51.62 प्रतिशत (ब) 50 प्रतिशत
(स) 14 प्रतिशत (द) 67 प्रतिशत

**2. भारत में जैन धर्म सबसे अधिक है:**

(अ) गुजरात में (ब) महाराष्ट्र में
(स) मध्य प्रदेश में (द) उड़ीसा में

**3. भारत में संपूर्ण जनगणना किस वर्ष में हुई?**

(अ) 1881 (ब) 1981
(स) 1972 (द) 1872

**4. जो व्यक्ति वर्ष में 183 दिन लाभकारी कार्य करता है उसे क्या कहते हैं?**

(अ) उत्पादक (ब) सीमान्तर कामगार
(स) श्रमजीवी (द) मुख्य कामगार

**5. क्षेत्रफल और जनसंख्या के अनुपात को क्या कहते हैं?**

(अ) जनसंख्या घनत्व (ब) संकेन्द्रण
(स) जनसंख्या सूचकांक (द) जनसंख्या वितरण

**6. भारत में सबसे कम संख्या किस भाषा को बोलने वाले लोगों की है?**

(अ) मलयालम व कन्नड़ (ब) बंगला-उड़िया
(स) कश्मीरी व संस्कृत (द) हिंदी-पंजाबी

**7. भारत में किस राज्य में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या का सर्वाधिक घनत्व प्राप्त हुआ है?**

(अ) पश्चिम बंगाल (ब) बिहार
(स) केरल (द) उत्तर प्रदेश

**8. निम्नलिखित में से कौन भारत में दूसरा सबसे बड़ा धार्मिक समुदाय है?**

(अ) बौद्ध (ब) मुस्लिम
(स) ईसाई (द) सिख

**9. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या निम्नलिखित में से कौनसी है?**

(अ) 121 करोड़ (ब) 102.8 करोड़
(स) 328.7 करोड़ (द) 318.2 करोड़

मिशन ज्ञान
पढ़ें : जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

10. **कम श्रमिक बल वाल प्रदेशों में कुल श्रमिक जनसंख्या कितनी है?**

(अ) 25 से 35%  (ब) 30 से 35%

(स) 25 से 40%  (द) 30 से 40%

## रिक्त स्थान

11. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का जनसंख्या घनत्व ________________ व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. है।

12. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में किशोर जनसंख्या ____________प्रतिशत है।

## सत्य/असत्य

13. 2011 की जनगणना ने भारत की श्रमजीवी जनसंख्या को चार प्रमुख संवर्गों में बाँटा है।

14. मुख्य श्रमिक वह व्यक्ति है जो एक वर्ष में कम से कम 183 दिन काम करता है।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या कितनी है?

16. भारत में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत सबसे अधिक किस राज्य में है?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. भारत में जनसंख्या के असमान वितरण के दो कारकों का उल्लेख कीजिए।

18. भारत में जनसंख्या वृद्धि के कारणों का उल्लेख कीजिए।

## निबंधात्मक प्रश्न

19. भारत में जनसंख्या वृद्धि तथा वितरण की विवेचना कीजिए।

20. भारत में जनसंख्या के असमान वितरण को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए।

## HOTS

21. पश्चिम बंगाल में अधिक जनसंख्या घनत्व के कारण बताइए।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

Under CSR Support by Ipca | Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

## अध्याय -1 | जनसंख्या : वितरण, घनत्व, वृद्धि और संघटन

## Worksheet-2
### उत्तरमाला

**1.** **(अ)** 51.62 प्रतिशत

**2.** **(ब)** महाराष्ट्र में

**3.** **(अ)**

भारत की पहली संपूर्ण जनगणना 1881 में संपन्न हुई थी।

**4.** **(द)** मुख्य कागमार

**5.** **(अ)** जनसंख्या घनत्व

**6.** **(स)**

भारत में सबसे कम संख्या कश्मीरी व संस्कृत भाषा को बोलने वाले लोगों की है।

**7.** **(ब)** बिहार

**8.** **(ब)** मुस्लिम

**9.** **(अ)** 121 करोड़

**10.** **(अ)** 25 से 35%

**11.** 382

**12.** 20.9

**13.** सत्य

**14.** सत्य

**15.** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की जनसंख्या 121.08 करोड़ है, जो कुल विश्व की जनसंख्या का करीब 17% है।

**16.** भारत में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत सबसे अधिक गोवा राज्य में है। बड़े राज्यों में सर्वाधिक जनसंख्या महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु में है।

**17.** भारत में जनसंख्या के असमान वितरण के प्रमुख दो कारक हैं:-

**i.** **भौगोलिक कारक :** भारत की भौगोलिक विविधता, जैसे पर्वतीय क्षेत्र, जंगल और मरूस्थल, जनसंख्या वितरण को प्रभावित करती है। जैसे कि, गहन जलवायु और उपजाऊ मिट्टी वाले क्षेत्रों में अधिक जनसंख्या होती है, जबकि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले क्षेत्रों में जनसंख्या कम होती है।

**ii.** **आर्थिक कारक :** आर्थिक विकास और रोजगार के अवसरों का वितरण भी जनसंख्या वितरण को प्रभावित करता है। औद्योगिक और शहरी क्षेत्रों में बेहतर रोजगार की संभावनाएँ होने के कारण वहां जनसंख्या का घनत्व अधिक होता है।

**18.** भारत में जनसंख्या वृद्धि के कारण

भारत में जनसंख्या वृद्धि को प्रभावित करने वाले कारक निम्नलिखित हैं:

- भारत में पाई जाने वाली गर्म जलवायु।
- भारत में अशिक्षा।
- रूढ़ियाँ एवं अवैज्ञानिक मान्यताएँ।
- गर्भनिरोधक एवं परिवार नियोजन कार्यक्रमों को उचित ढंग से लागू न किया जाए।
- जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए ऐच्छिक एवं अनिवार्य प्रतिबंधों को अपनाने के लिए जनसामान्य में जागरूकता का अभाव होना।

**19.** भारत में जनसंख्या वृद्धि पिछले कुछ दशकों में अत्यधिक तेजी से हुई है, विशेषकर 1951 से 1981 के बीच। इस अवधि में जन्म दर में वृद्धि और मृत्यु दर में कमी के कारण जनसंख्या में विस्फोट हुआ।

जनसंख्या का वितरण असमान है, उत्तर और पश्चिमी भारत में जनसंख्या घनत्व अधिक है, जबकि पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्रों में भी बड़ी जनसंख्या है। शहरी क्षेत्रों, जैसे मुंबई और दिल्ली, में उच्च जनसंख्या घनत्व है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति अलग है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**20.** **भारत में जनसंख्या का वितरण –** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, देश की कुल जनसंख्या लगभग 121 करोड़ है, और प्रति वर्ग किलोमीटर पर 382 लोग निवास करते हैं। लेकिन यदि हम क्षेत्रीय वितरण का अध्ययन करें, तो यह स्पष्ट होता है कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंख्या का वितरण समान नहीं है। उदाहरण के लिए, अरूणाचल प्रदेश में केवल 17 लोग प्रति वर्ग किलोमीटर पर रहते हैं, जबकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में यह आंकड़ा 11,320 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है।

इस प्रकार, भारत में जनसंख्या वितरण को निम्नलिखित तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है:

i. **सघन जनसंख्या वाले क्षेत्र (400 व्यक्ति/वर्ग किमी से अधिक):** इसमें उपजाऊ जलोढ़ मृदा वाले मैदान, तटीय क्षेत्र और चावल उत्पादक क्षेत्र शामिल है। जैसे- दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, लक्षद्वीप, पुदुचेरी, हरियाणा ओर दादरा एवं नगर हवेली। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह को छोड़कर अन्य सभी संघ राज्य क्षेत्रों में उच्च जनघनत्व पाया जाता है। ।

ii. **मध्यम जनसंख्या वाले क्षेत्र (200-400 व्यक्ति/वर्ग किमी.):** इस श्रेणी में ऐसे भाग शामिल हैं, जहाँ भौगोलिक सुविधाएँ मानव आवास के लिए अपेक्षाकृत कम अनुकूल होती है। प्रायद्वीपीय पठारी क्षेत्रों में इस श्रेणी का जनसंख्या घनत्व पाया जाता है। असम, गोवा, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, कर्नाटक, गुजरात, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, मध्य प्रदेश, ओर राजस्थान यहाँ आते हैं।

iii. **न्यून जनसंख्या वाले क्षेत्र (200 व्यक्ति/वर्ग किमी. से कम):** इसमें हिमालय, उत्तर पूर्वी भारत, प्रायद्वीप की पहाड़ियाँ, घने वन और थार मरूस्थल जैसे क्षेत्र शामिल हैं, जहाँ मानव आवास के लिए प्रतिकूल परिस्थितियाँ होती हैं। उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, मेघालय, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, सिक्किम, मिजोरम, अंडमान और निकोबार और अरूणाचल प्रदेश में न्यून जनसंख्या घनत्व देखा जाता है।

**जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारक:**

i. **धरातलीय उच्चावच:** समतल मैदानी क्षेत्रों में यातायात, कृषि ओर उद्योग धंधों का अधिक विकास होता है। गंग-ब्रह्मपुत्र का मैदान और तटीय मैदान अत्यधिक सघन होते हैं, जबकि पहाड़ी और मरूस्थलीय क्षेत्र में कम जनसंख्या होती है।

ii. **जल की उपलब्धता :** जल की अधिक उपलब्धता वाले क्षेत्रों में उच्च जनघनत्व होता है, जबकि सूखाप्रधान क्षेत्रों में जनसंख्या कम होती है।

iii. **तापमान :** अत्यधिक गर्म या ठंडी जलवायु वाले क्षेत्रों में मानव निवास कम होता है।

iv. **खनिज उपलब्धता :** खनिज संपन्न क्षेत्रों में उद्योगों का विकास होता है, जिससे जनसंख्या का घनत्व बढ़ता है।

v. **यातायात के साधन :** विकसित यातायात सुविधाएँ जनसंख्या घनत्व को प्रभावित करती हैं।

vi. **उद्योग धंधों का विकास :** औद्योगीकरण और नगरीकरण से जनसंख्या घनत्व में वृद्धि होती हे।

vii. **उपजाऊ भूमि :** उपजाऊ भूमि वाले क्षेत्रों में जनसंख्या अधिक होती है, क्योंकि यहाँ कृषि उत्पादन की प्रचुरता होती है।

viii. **शांति एवं सुरक्षा :** लोग शांत और सुरक्षित क्षेत्रों में रहना पसंद करते हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में कम जनसंख्या होती है।

**21.** पश्चिम बंगाल में अधिक जनसंख्या घनत्व के कारण पश्चिम बंगाल में, बिहार मे बाद भारत का सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व पाया जाता है। इस सघन जनसंख्या घनत्व के कारण निम्नलिखित हैं-

- उच्च वर्षा एवं समतल उपजाऊ भूमि।
- चावल उत्पादक क्षेत्र।
- औपनिवेशिक काल से ही औद्योगीकरण का प्रारम्भ।
- पड़ोसी राज्यों : जैसे-त्रिपुरा, बिहार, झारखंड, ओडिशा आदि से रोजगार व शिक्षा हेतु होने वाला प्रवास।
- कम क्षेत्रफल।
- कोलकाता व अन्य नगरीय क्षेत्रों का आकर्षण।